

टेस्ट क्रिकेट बहुत महत्वपूर्ण है

एक फेसबुक यूजर ने लिखा, आज से पहले किसी भी देश ने इस तरह से बांग्लादेश के दौरे पर नहीं किया। यूं क्रिकेट के मैदान पर देश का झंडा लगाने का मतलब क्या है। आप इसके जरिए क्या संदेश देना चाहते हैं। इस बात के विवाद में आने के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की तरफ से बताय गया कि पिछले दो महीनों से टीम इसी तरह से प्रेक्टिस कर रही है। हालांकि इस को लेकर बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की तरफ से अब तक से किसी तरह की प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। टीम के कोच मैनेजर इब्राहिम बदिजी ने बीबीसी बांग्ला सर्विस के इस बारे में बात करते हुए बताया, यह पाकिस्तान के कोच सकलैन मुश्ताक द्वारा टीम के खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए इस चीज को करना शुरू किया है।

## ढाका में प्रैक्टिस के दौरान पाकिस्तान के झंडा लहराने पर विवाद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के साथ कोई ना कोई विवाद जुड़ता ही रहता है। आइसीसी टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल की हार को भुलाकर बांग्लादेश के दौरे पर पहुंची टीम के साथ यहां एक विवाद जुड़ गया। दरअसल टीम ने ढाका में प्रैक्टिस के दौरान अपने देश का झंडा लहराया और उसके लगाकर प्रैक्टिस की जो बांग्लादेश के लोगों को पसंद नहीं आया। पाकिस्तान की टीम मीरपुर में तीन मैचों की टी20 सीरीज का पहला मैच खेलने की तैयारी में जुटी है। रमीज रजा के पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड का अध्यक्ष बनने के बाद पूर्व स्पिनर सकलैन मुश्ताक को पाकिस्तान टीम का अंतरिम कोच बनाया गया। टीम इनकी कोचिंग में टी20 विश्व कप में खेलने उतरी। यहां टीम ने प्रैक्टिस के दौरान देश का झंडा लगाने की शुरुआत की थी। इसी क्रम में अब टीम बांग्लादेश में भी इसी तरह से झंडा लगाकर प्रैक्टिस कर रही है। इसी चीज को लेकर इन दिनों बांग्लादेश में विवाद हो रहा है। पाकिस्तान के टीम ने मीरपुर में नेट्स में देश का झंडा लगाकर प्रैक्टिस किया तो सोशल मीडिया पर इसको लेकर आपत्ति जताई गई।

## न्यूज डायरी



### न्यूजीलैंड के एक और खिलाड़ी ने अपना नाम वापस लिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जयपुर। न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर काइली जैमीसन ने भारत के खिलाफ टी20 सीरीज से हटने का फैसला किया है। जैमीसन ने कहा है कि वह टेस्ट सीरीज पर ध्यान देना चाहते हैं। टेस्ट सीरीज टी20 सीरीज के फौरन बाद शुरू हो रही है। वह न्यूजीलैंड के दूसरे क्रिकेटर हैं जिन्होंने टी20 सीरीज से हटने का फैसला किया। इससे पहले कप्तान केन विलियमसन ने टेस्ट सीरीज के लिए टी20 सीरीज नहीं खेलने का फैसला किया था। रविवार को न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप का फाइनल मुकाबला खेला था। इसके सिर्फ तीन दिन बाद ही वह भारत के खिलाफ खेलती नजर आएगी। टीम के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने जोर देखकर कहा कि जब भारत दौरा शुरू हुआ तो न्यूजीलैंड की टीम का वर्कलोड मैनेजमेंट उनके दिमाग में था। काइली जैमीसन को आराम देना उनकी योजना में शामिल था। क्रिकेट न्यूजीलैंड द्वारा आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्टीड ने कहा, हमने फैसला किया था कि केन (विलियमसन) और काइली इस टी20 सीरीज में नहीं खेलेंगे। वे दोनों टेस्ट मैच के लिए खुद को तैयार करेंगे।

### मैच जीतने और टीम बनाने के बीच संतुलन बनाने की जरूरतः द्रविड़

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जयपुर। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को बखूबी पता है कि आयुवर्ग की टीमों और अंतरराष्ट्रीय टीम की कोचिंग में बहुत फर्क है। राहुल हर मैच जीतने तथा भविष्य के लिए टीम बनाने में संतुलन बनाना करना चाहते हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज से पहले द्रविड़ ने माना कि उन्हें लंबे वक्त के लिए रणनीति बनानी होगी लेकिन फोकस टीम की जीत पर भी रखना होगा। उन्होंने कहा, 'अलग-अलग टीमों की कोचिंग एक तरह से नहीं कर सकते। कोचिंग के कुछ सिद्धांत कभी नहीं बदलेंगे लेकिन हर टीम की चुनौतियां अलग होती है और जरूरतें अलग होती है।' द्रविड़ ने कहा, 'आप यह नहीं कह सकते है कि अंडर 19 स्तर पर की गई हर बात यहां भी करेंगे। मैं इस तरह से नहीं करूंगा। मेरे लिए यह सीखने और खिलाड़ियों को जानने का मौका है।'

### 27 साल की उम्र में पाकिस्तानी तेज गेंदबाज ने की संन्यास की घोषणा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंटरनेशनल क्रिकेट में तेज गेंदबाजों को लिए करियर लंबा करना बेहद मुश्किल होता है। चोट से परेशान चल रहे पाकिस्तान के गेंदबाज उस्मान शिनवारी ने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए अपने इस फैसला की जानकारी दी। क्रिकेट के लिमिटेड ओवर फार्मेट पर ध्यान देने के लिए उसमान ने टेस्ट क्रिकेट को छोड़ने का मुश्किल फैसला लिया। पाकिस्तानी गेंदबाज ने ट्विटर पर अपने करियर को लंबा करने के लिए टेस्ट क्रिकेट को छोड़ने की घोषणा की। पाकिस्तान के तेज गेंदबाजी उस्मान खान शिनवारी ने मंगलवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। शिनवारी ने पाकिस्तान के सिर्फ एक टेस्ट मैच दिसंबर 2019 में खेला था। इस बीच, पाकिस्तान की टी-20 टीम बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज के लिए ढाका पहुंच गई।

### ड्राप किए जाने पर डेविड वार्नर ने पहली बार दिया ये बयान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। सितंबर में इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) फ्रेंचाइजी द्वारा ड्राप किए जाने से नवंबर में टी 20 विश्व कप में प्लेयर आफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार जीतने तक सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर के लिए एक रोलरकोस्टर की सवारी रही है। इसके अलावा उन्होंने पहली बार आइपीएल 2021 के यूएई चरण में ड्राप किए जाने पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। आस्ट्रेलियाई टीम के धुरंधर बल्लेबाज डेविड वार्नर ने कहा, जब आपको उस टीम से बाहर कर दिया जाता है, जिसे आप बिना किसी वास्तविक दोष के सालों से सबसे ज्यादा प्यार करते आरे हैं और बिना कारण बताए कप्तानी छीन ली जाती है, तो इससे दर्द होता है। साथ ही कोई शिकायत नहीं है।

# 2025 चैंपियंस ट्रॉफी पाकिस्तान में होगी या नहीं उसकी हरकतें तय करेंगी

## अन्य किसी देश के खिलाफ आतंकी गतिविधियों में संलिप्त न हो पाक

क्रिकेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने बड़े ऐलान किए। भविष्य की सीरीज को लेकर बोर्ड ने अपना प्लान बताया। भारत को तीन बड़े आईसीसी टूर्नामेंट्स की मेजबानी मिली वहीं USA में भी पहली बार टी20 वर्ल्ड के मैचों का आयोजन करवाने का फैसला किया गया। लेकिन एक खबर जिसने शायद सबसे ज्यादा लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा वह थी पाकिस्तान को आईसीसी टूर्नमेंट की मेजबानी मिलना। साल 1996 का वर्ल्ड कप फाइनल पाकिस्तान में खेला गया था। भारत, पाकिस्तान और श्रीलंका ने मिलकर इस टूर्नमेंट की मेजबानी की थी। साल 2009 में लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर खिताब जीता था। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के मंच पर पाकिस्तान अलग-थलग है। 1999 में लाहौर स्टेडियम के बाहर श्रीलंकाई खिलाड़ियों पर आतंकी हमले के बाद दुनियाभर की टीमों ने वहां जाना बंद कर दिया। कुछ गिनती के मौकों को छोड़ दें तो पाकिस्तान में अंतरराष्ट्रीय टीमें नहीं आईं। यूएई पाकिस्तान के लिए घर बन गया। पाकिस्तान टीम बीते एक दशक से अपने घरेलू मैच यूएई में खेलती रही है।

इस साल की शुरुआत में तो हद हो गई। न्यूजीलैंड की टीम पाकिस्तान पहुंची। लेकिन सीरीज की शुरुआत हो इससे पहले ही टीम ने मैदान पर उतरने से इनकार कर दिया।

पाकिस्तान के लिए यह बड़ा अपमान था। न्यूजीलैंड की टीम के इस फैसले पर पाकिस्तान में कड़ी प्रतिक्रिया हुई। अभी इस झटके से पाकिस्तानी क्रिकेट उभरा भी नहीं था कि इंग्लैंड ने भी पाकिस्तान दौरा रद्द कर दिया। उसने पत्र लिखकर इसकी जानकारी दी। पाकिस्तान क्रिकेट के लिए यह किसी सदमे से कम नहीं था क्योंकि कोविड-19 के कारण जब इंग्लिश क्रिकेट परेशानी में था तब पाकिस्तान ने वहां का दौरा किया था। इस सीरीज ने इंग्लैंड को बड़े आर्थिक नुकसान से बचा लिया था। इस दौरे के पीछे कहीं न कहीं शर्त यह थी कि इंग्लैंड भी पाकिस्तान का दौरा करेगा। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड ने हालांकि अगले साल पाकिस्तान जाने का वादा किया है। लेकिन यह सब भी पाकिस्तान के माहौल पर निर्भर करेगा। खिलाड़ियों को मिलने वाली सुरक्षा अलग बात है लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष रमीज राजा आईसीसी के इस फैसले से काफी खुश नजर आए थे। उन्होंने कहा, 'आईसीसी के अपने एलीट टूर्नामेंट का मेजबान पाकिस्तान को चुनने से मैं बेहद खुश हूं। बड़ी वैश्विक प्रतियोगिता के लिए पाकिस्तान को एलॉट करके आईसीसी ने हमारे प्रबंधन और संचालन क्षमता तथा कौशल पर पूरा भरोसा जताया है।' एक अहम सवाल यह है कि पाकिस्तान को मेजबानी तो मिल गई है लेकिन उसके देश में खेलने जाएगा कौन।



**ऐसा न लगे कि कोई गलती की**

पाकिस्तान में आईसीसी टूर्नमेंट की वापसी एक अच्छी खबर है लेकिन यहीं से पाकिस्तान की बड़ी जिम्मेदारी तय होती है। अगर इमरान खान अपने देश के माहौल को सुरक्षित नहीं बना पाते हैं तो फिर उनके लिए बहुत मुश्किल हो सकती है। इमरान की जिम्मेदारी है कि वह यह सुनिश्चित करे कि आईसीसी को ऐसा न लगे कि उन्होंने कोई गलती की है।

# आईसीसी में सौरभ गांगुली को मिली बड़ी जिम्मेदारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दुबई। बीसीसीआई अध्यक्ष सौरभ गांगुली को बुधवार को आईसीसी पुरुष क्रिकेट समिति का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। यह फैसला दुबई में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बोर्ड बैठक में लिया गया।

गांगुली अपने पूर्व साथी और भारत के कप्तान अनिल कुंबले की जगह लेंगे, जिन्होंने अपने नौ साल के कार्यकाल पूरा करने के बाद पद को छोड़ा है। आईसीसी अध्यक्ष ग्रेग बार्कले ने कहा, 'मुझे आईसीसी क्रिकेट समिति के चेयरमैन के पद पर सौरव का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक और बाद में एक प्रशासक के रूप में उनका अनुभव



हमें आगे बढ़ने और क्रिकेट निर्णयों को सही दिशा प्रदान करने में मदद करेगा। मैं अनिल को भी धन्यवाद देना चाहता हूं। पिछले नौ वर्षों में उनके उत्कृष्ट नेतृत्व के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय खेल में सुधार करने में मदद मिली, जिसमें डीआरएस और संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन की पहचान करना शामिल है।'

आईसीसी बोर्ड ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप को जारी रखने की भी मंजूरी दी। जिसमें शीर्ष दो टीमों के बीच फाइनल के साथ दो सालों तक नौ टीमों के बीच टूर्नामेंट आयोजित किया जाएगा। 2027 में आईसीसी क्रिकेट विश्व कप के 14 टीम के आयोजन के विस्तार को भी बोर्ड ने मुख्य कार्यकारी समिति (सीईसी) की एक सिफारिश को स्वीकार कर लिया है। इस आयोजन के लिए कुछ योग्यता रखी गई हैं, जिसमे ओडीआई रैंकिंग के टॉप 10 टीमें सीधे क्वालीफाई करेंगी। वहीं, अन्य टीमों को क्वालीफायर राउंड के माध्यम से टूर्नामेंट में जगह बनानी पड़ेगी। इसके साथ ही, बोर्ड ने प्रथम श्रेणी की स्टेटस को भी अनुमति दी जो पुरुषों के खेल के साथ महिला क्रिकेट पर लागू किया जा रहा है। क्रिकेट वेस्टइंडीज के सीईओ जॉनी ग्रेव को आईसीसी महिला क्रिकेट समिति में नियुक्त किया गया है।

## नए दौर की शुरुआत से पहले यूं तैयारी कर रही है टीम इंडिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अभी रविवार को न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना टी20 वर्ल्ड कप 2021 का फाइनल मुकाबला खेला था। टीम को इसमें हार मिली थी। अब न्यूजीलैंड भारत के खिलाफ टी20 सीरीज खेलेगी। विराट कोहली इस सीरीज में आराम कर रहे हैं और न्यूजीलैंड की ओर से केन विलियमसन और काइली जैमीसन ने अपना नाम वापस ले लिया है। टिम साउदी न्यूजीलैंड की कमान संभालेंगे। रोहित शर्मा टीम इंडिया के टी20 कप्तान के रूप में अपने सफर का आगाज करेंगे। रोहित शर्मा की अगुआई में इस सीरीज में भारतीय टीम में कई नए खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। इसमें विराट कोहली आराम कर रहे हैं। टीम इंडिया के नए कोच राहुल द्रविड़ ने युवाओं के साथ काफी काम किया है। हर्षल पटेल ने इस साल आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लिए। यूएई में हुए चरण में उन्होंने अपने गति परिवर्तन से बल्लेबाजों को काफी परेशान किया लेकिन टी20 वर्ल्ड कप की टीम में उन्हें नहीं चुना गया। इस फैसले से कई लोग हैरान हुए।